# भारतीय रिज़र्व बैंक
## RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

भारिबैं/2014-15/31
शबैंवि.पीसीबी.एमसी.सं.15/12.03.000/2014-15 01 जुलाई 2014

मुख्य कार्यपालक अधिकारी
सभी प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंक

**महोदया / महोदय**

**शहरी (प्राथमिक) सहकारी बैंकों द्वारा आरक्षित नकदी निधि अनुपात(सीआरआर) और सांविधिक चलनिधि अनुपात(एसएलआर) बनाए रखने पर मास्टर परिपत्र**

कृपया उपर्युक्त विषय पर 01 जुलाई 2013 का हमारा मास्टर परिपत्र शबैवि.बीपीडी. एमसी.सं. 15/12.03.000/2013-14 देखें। संलग्न मास्टर परिपत्र में 30 जून 2014 तक उक्त विषय पर जारी सभी अनुदेशों/दिशानिर्देशों को समेकित एवं अद्यतन किया गया है तथा परिशिष्ट में उल्लिखित है।

भवदीय

(ए.के.बेरा)
प्रधान मुख्य महाप्रबंधक

संलग्नक: यथोक्त

शहरी बैंक विभाग,केंद्रीय कार्यालय, गारमेंट हाऊस, पहली मंज़िल, डॉ ए बी रोड, वरली, मुंबई- 400018 भारत
फोन: 022 - 2493 9930 - 49; फैक्स: 022 - 2497 4030 / 2492 0231; ई मेल: cgmincubd@rbi.org.in
Urban Banks Department, Central Office, Garment House, 1 Floor, Dr.A.B.Road, Worli, Mumbai - 400018, India
Phone: 022 - 2493 9930 - 49; Fax: 022 - 2497 4030 / 2492 0231; Email: cgmincubd@rbi.org.in

बैंक हिन्दी में पत्राचार का स्वागत करता है

चेतावनी: भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा ई-मेल, डाक, एसएमएस या फोन कॉल के जरिये कोई भी व्यक्तिगत जानकारी जैसे बैंक खाते का ब्यौरा, पासवर्ड आदि नहीं माँगा जाता है। यह धन रखने या देने का प्रस्ताव भी नहीं करता है। ऐसे प्रस्तावों का किसी भी प्रकार से जवाब मत दीजिए।
Caution: RBI never sends mails, SMSs or makes calls asking for personal information like bank account details, passwords, etc.It never keeps or offers funds to anyone. Please do not respond in any manner to such offers.

**मास्टर परिपत्र**

**आरक्षित नकदी निधि अनुपात (सीआरआर)**

**और**

**सांविधिक चलनिधि अनुपात (एसएलआर)**

**विषयवस्तु**


| क्र. | विषय | |
|---|---|---|
| 1. | परिचय | 1 |
| 2. | सामान्य | 1 |
| 3. | अनुसूचित प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों के लिए आरक्षित नकदी निधि | 2 |
| 4. | ग़ैर-अनुसूचित प्राथमिक सहकारी बैंकों के लिए आरक्षित नकदी निधि अनुपात (सीआरआर) | 9 |
| 5. | अनुसूचित तथा ग़ैर-अनुसूचित प्राथमिक सहकारी बैंक के लिए सांविधिक नकदी रिज़र्व | 11 |
| 6. | अनुबंध - 1 | 19 |
| 7. | अनुबंध - 2 | 25 |
| 8. | अनुबंध - 3 | 29 |
| 9. | अनुबंध - 4 | 35 |
| 10. | अुनबंध - 5 | 41 |
| 11. | अनुबंध - 6 | 43 |
| 12. | अनुबंध - 7 | 44 |
| 13. | अनुबंध - 8 | 46 |
| 14. | अनुबंध - 9 | 50 |
| 15. | अनुबंध - 10 | 54 |
| 16. | परिशिष्ट | 56 |

**मास्टर परिपत्र**
**आरक्षित नकदी निधि अनुपात (सीआरआर)**
**और**
**सांविधिक चलनिधि अनुपात (एसएलआर)**

1. **परिचय**

1.1 सभी प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों (अनुसूचित और गैर-अनुसूचित) के लिए आरक्षित नकदी निधि अनुपात (सीआरआर) और सांविधिक चलनिधि अनुपात (एसएलआर) का निर्धारित स्तर बनाए रखना आवश्यक है।

1.2 आरक्षित नकदी निधि अनुपात के संबंध में अनुसूचित प्राथमिक सहकारी बैंक, भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम 1934 की धारा 42 (1) के उपबंधों द्वारा नियंत्रित होते हैं जबकि गैर-अनुसूचित बैंक बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (सहकारी सोसायटियों पर यथालागू) की धारा 18 के उपबंधों द्वारा नियंत्रित होते हैं।

1.3 सांविधिक चलनिधि अनुपात बनाए रखने के लिए सभी बैंक (अनुसूचित और गैर-अनुसूचित) उक्त अधिनियम की धारा 24 के उपबंधों द्वारा नियंत्रित होते हैं।

1.4 इन सभी पहलुओं से संबंधित वर्तमान अनुदेश जो इस परिपत्र के जारी होने की तारीख़ तक परिचालन में हैं उनका ब्यौरा नीचे के पैराग्राफ में दिया गया है।

**2. सामान्य**

**2.1** विभिन्न फॉर्म/विवरणियां बैंककारी विनियमन (सहकारी सोसायटियां) नियम, 1966 में दी गई हैं।

**2.2** बैंक की दिन-प्रतिदिन की नकदी स्थिति की निगरानी करने के लिए सभी प्राथमिक सहकारी बैंकों के लिए यह अनिवार्य है कि अनुबंध 8 में दिए गए प्रारूप के अनुसार एक रजिस्टर बनाकर रखें जिसमें बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (सहकारी सोसायटियों पर यथालागू) की धारा 18 एवं 24 के अंतर्गत आरक्षित नकदी निधि एवं चलनिधि आस्तियों की दैनिक आधार पर स्थिति दर्शायी गई हो।

**2.3** दैनिक आधार पर रजिस्टर बनाकर रखने का कार्य एक जिम्मेदार अधिकारी को सौंपा जाए और उसे प्रतिदिन मुख्य कार्यपालक अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जाए जो प्रतिदिन कारोबार की समाप्ति पर सांविधिक नकदी संबंधी अपेक्षाओं का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होगा।

**2.4** रजिस्टर के विभिन्न शीर्षों के अंतर्गत आंकड़ों के संग्रहण को सहज बनाने के लिए नियमों के एक भाग के रूप में प्रत्येक मद के संबंध में स्पष्टीकरण, जैसा कि फॉर्म I की

पाद-टिप्पणियां में है, अनुबंध 9 के अंतर्गत दिया गया है। तथापि, यह नोट किया जाए कि अनुसूचित प्राथमिक सहकारी बैंकों के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम 1934 की धारा 42 के अनुसार आरक्षित नकदी निधि अनुपात संबंधी अपेक्षाओं की गणना करना अनिवार्य है।

## 3. अनुसूचित प्राथमिक सहकारी बैंकों के लिए आरक्षित नकदी निधि

**3.1 सांविधिक सीआरआर अपेक्षाएं:** पहले, भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम 1934 की धारा 42(1) के अनुसार अनुसूचित प्राथमिक सहकारी बैंकों से पखवाड़े के दौरान उसके दूसरे पूर्ववर्ती पखवाड़े के बाद आनेवाले अंतिम शुक्रवार को भारत में अपनी कुल मांग और मीयादी देयताओं (डीटीएल) का 3% न्यूनतम औसत दैनिक शेष भारतीय रिज़र्व बैंक के पास बनाए रखना अपेक्षित है। उसके बाद भारतीय रिज़र्व बैंक को राजपत्र अधिसूचना के जरिए कथित दर को बढ़ाकर मांग और मीयादी देयताओं के 15% तक तक करने की शक्ति भी दी गई थी। भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम 1934 में संसद द्वारा जून 2006 में संशोधन किया गया था और 01 अप्रैल 2007 से भारतीय रिज़र्व बैंक (संशोधन) विधेयक, 2006 प्रभावी हो गया। संशोधन के अनुसार भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम 1934 की धारा 42 की उप-धारा (1) में संशोधन किया गया ताकि देश में मौद्रिक स्थिरता सुनिश्चित करने की जरूरतों के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक अनुसूचित बैंकों के लिए बिना किसी न्यूनतम नियत दर या उच्चतम दर के आरक्षित नकदी निधि अनुपात निर्धारित कर सके। तदनुसार, 01 अप्रैल 2007 से भारतीय रिज़र्व बैंक देश में मौद्रिक स्थिरता सुनिश्चित करने की जरूरतों के संबंध में अनुसूचित बैंकों के लिए बिना किसी न्यूनतम नियत दर या उच्चतम दर के आरक्षित नकदी निधि अनुपात निर्धारित करता है।

### 3.2 वृद्धिशील सीआरआर

भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(1) क के अनुसार अनुसूचित प्राथमिक सहकारी बैंकों के लिए यह अनिवार्य है कि वे उक्त अधिनियम की धारा 42 (1) के अंतर्गत निर्धारित शेष के अतिरिक्त एक अतिरिक्त औसत दैनिक शेष बनाए रखें जिसकी राशि भारत के राजपत्र में समय-समय पर प्रकाशित अधिसूचना के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित दर से कम नहीं होनी चाहिए। इस प्रकार की अतिरिक्त शेष राशियों की गणना अधिसूचना में निर्दिष्ट तारीख़ को कारोबार की समाप्ति पर बैंक की कुल मांग और मीयादी देयताओं (डीटीएल) के ऊपर उसकी अतिरिक्त राशि के संदर्भ में की जाएगी, जैसा कि भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(2) के अंतर्गत संदर्भित विवरणी में प्रदर्शित किया गया है।

वर्तमान में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा कोई वृद्धिशील सीआरआर निर्धारित नहीं किया गया है।

## 3.3 सीआरआर के लिए बहु-निर्धारण

सीआरआर तथा एसएलआर बनाए रखने के प्रयोजन से रिज़र्व बैंक किसी भी लेनदेन या लेनेदेन की किसी भी श्रेणी को समय-समय पर विनिर्दिष्ट कर सकता है जिसे अनुसूचित प्राथमिक सहकारी बैंक की भारत में देयता माना जाएगा।

## 3.4 सीआरआर बनाए रखना

वर्तमान में 9 फरवरी 2013 से प्रारंभ होने वाले पखवाड़े से भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित सीआरआर निम्नलिखित खंड 3.11 में उल्लिखित छूटों के लिए समायोजित बैंक की निवल मांग और मीयादी देयताओं का 4.00 प्रतिशत है। सीआरआर निर्धारण में किए गए परिवर्तनों की अनुसूची का ब्यौरा निम्नांकित सारिणी में दिया गया है:

| प्रभावी तारीख़<br>(से प्रारंभ होने वाला पखवाड़ा) | निवल मांग और मीयादी देयताओं पर सीआरआर (प्रतिशत) |
|---|---|
| 06 जनवरी 2007 | 5.50 |
| 17 फरवरी 2007 | 5.75 |
| 03 मार्च 2007 | 6.00 |
| 14 अप्रैल 2007 | 6.25 |
| 28 अप्रैल 2007 | 6.50 |
| 04 अगस्त 2007 | 7.00 |
| 10 नवंबर 2007 | 7.50 |
| 26 अप्रैल 2008 | 7.75 |
| 10 मई 2008 | 8.00 |
| 24 मई 2008 | 8.25 |
| 05 जुलाई 2008 | 8.50 |
| 19 जुलाई 2008 | 8.75 |
| 30 अगस्त 2008 | 9.00 |
| 11 अक्तूबर 2008 | 6.50 |
| 25 अक्तूबर 2008 | 6.00 |
| 08 नवंबर 2008 | 5.50 |
| 17 जनवरी 2009 | 5.00 |
| 13 फरवरी 2010 | 5.50 |
| 27 फरवरी 2010 | 5.75 |
| 24 अप्रैल 2010 | 6.00 |
| 28 जनवरी 2012 | 5.50 |
| 10 मार्च 2012 | 4.75 |

| | |
|---|---|
| 22 सितंबर 2012 | 4.50 |
| 3 नवंबर 2012 | 4.25 |
| 9 फरवरी 2013 | 4.00 |

### 3.5 दैनिक आधार पर सीआरआर बनाए रखना

अनुसूचित प्राथमिक सहकारी बैंकों को लचीलापन प्रदान करने तथा वे अपने आंतर अवधि नकदी प्रवाह के आधार पर आरक्षित निधि धारित करने की इष्टतम रणनीति का चुनाव कर सकें, इसके लिए वर्तमान में उनसे यह अपेक्षित है कि 27 जुलाई 2013 से प्रारंभ होने वाले पखवाड़े से 20 सितंबर 2013 तक पूर्ववर्ती पखवाड़े के अंतिम शुक्रवार की स्थिति के अनुसार औसत दैनिक शेष के आधार पर अपनी निवल मांग एवं मीयादी देयताओं के आधार पर निर्धारित सीआरआर शेष का न्यूनतम 99 प्रतिशत बनाए रखें। 21 सितंबर 2013 से प्रारंभ होने वाले पखवाड़े से दैनिक आधार पर आरक्षित नकदी निधि अनुपात 99 प्रतिशत से घटाकर 95 प्रतिशत कर दिया गया है।

### 3.6 सीआरआर का परिकलन

बैंकों द्वारा नकदी प्रबंधन में सुधार लाने के लिए, सरलीकरण के एक उपाय के रूप में अनुसूचित बैंकों द्वारा निर्धारित सीआरआर बनाए रखने के लिए दो सप्ताह के कालखंड की शुरूआत की गई है। इस तरह, 6 नवंबर 1999 से आरंभ पखवाड़े से प्रत्येक बैंक को पखवाड़े के दौरान दूसरे पूर्ववर्ती पखवाड़े के अंतिम शुक्रवार की स्थिति के अनुसार अपने एनडीटीएल पर आधारित अर्थात 22 अक्तूबर 1999 और उस से आगे के सूचना देनेवाले शुक्रवार की स्थिति के अनुसार एनडीटीएल पर आधारित सीआरआर बनाए रखना होगा।

### 3.7 सीआरआर के लिए निवल मांग और मीयादी देयताओं (एनडीटीएल) का अभिकलन

(i) किसी बैंक की देयताएं मांग या मीयादी जमाराशियों या उधारों या देयताओं की अन्य विविध मदों के रूप में हो सकती हैं। भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42 के अंतर्गत दी गई परिभाषा के अनुसार किसी बैंक की देयताएं बैंकिंग प्रणाली अथवा अन्य के प्रति हो सकती हैं। "मांग देयतओं" में वे सभी देयताएं शामिल हैं जो मांग पर देय हैं। "मीयादी देयताएं" वे देयताएं है जो मांग के अलावा अन्यथा देय हैं। भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42 (1) (ग) के अनुसार रिज़र्व बैंक किसी आस्ति विशेष को वर्गीकृत करने के लिए प्राधिकृत है और इसलिए किसी विशेष देयता के वर्गीकरण के संबंध में किसी संदेह की स्थिति में बैंकों को सूचित किया जाता है कि वे आवश्यक स्पष्टीकरण के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक से संपर्क करें।

(ii) डीटीएल अभिकलन, बैंकिंग प्रणाली को देयताएं, बैंकिंग प्रणाली के अंतर्गत आस्तियां, एनडीटीएल आदि का वर्णन अनुबंध I में विस्तार से किया गया है।

### 3.8 विदेश स्थित बैंकों से उधार

भारत में स्थित बैंकों द्वारा विदेशों से लिए गए ऋण/उधार को "अन्य के प्रति देयताएं" माना जाएगा तथा वे आरक्षित निधि संबंधी अपेक्षाओं के अधीन होंगे।

### 3.9 विप्रेषण सुविधाओं के लिए प्रतिनिधि बैंकों (कोरेसपांडेंट बैंक) के साथ व्यवस्था

जब कोई बैंक अपनी विप्रेषण सुविधा योजना के अंतर्गत किसी ग्राहक से निधियां स्वीकार करता है तो वह उसकी बहियों में देयता (अन्य के प्रति देयता) बन जाती है। निधियां स्वीकार करने वाले बैंक की देयता केवल तभी समाप्त होगी जब प्रतिनिधि बैंक निधि स्वीकार करने वाले बैंक द्वारा अपने ग्राहकों को जारी ड्राफ्टों का भुगतान करता है। इस प्रकार विप्रेषण सुविधा योजना के अंतर्गत निधि स्वीकार करने वाले बैंक द्वारा प्रतिनिधि बैंक को अपने ग्राहकों को जारी ड्राफ्टों के संबंध में शेष राशि तथा शेष अदत्त राशि निधि स्वीकार करने वाले बैंक की बहियों में "भारत में अन्य के प्रति देयताएं" शीर्ष के अंतर्गत बाह्य देयता के रूप में दर्शायी जानी चाहिए और सीआरआर/एसएलआर प्रयोजन के लिए निवल मांग और मीयादी देयताओं (एनडीटीएल) के अभिकलन हेतु भी उसे हिसाब में लिया जाना चाहिए।

प्रतिनिधि बैंकों को प्राप्त राशि को उनके द्वारा "अन्य के प्रति देयता" के रूप में न दर्शाकर "बैंकिंग प्रणाली के प्रति देयता" के रूप में दर्शाया जाना चाहिए और इस देयता को प्रतिनिधि बैंकों द्वारा अंतर-बैंक आस्तियों के प्रति संमजित किया जा सकता है। इसी प्रकार, ड्राफ्ट/ब्याज/लाभांश जारी करने वाले बैंकों द्वारा रखी जाने रकम को उनकी बहियों में "बैंकिंग प्रणाली के प्रति आस्तियों" के रूप में माना जाना चाहिए और उनको अंतर-बैंक देयताओं से संमजित किया जा सकता है।

### 3.10 एफसीएनआर (बी) जमाराशि तथा आईबीएफसी जमाराशि से ऋण

विदेशी मुद्रा अनिवासी खाता (बैंक), (एफसीएनआर ढबीज् जमाराशि योजना) तथा अंतर-बैंक विदेशी मुद्रा (आईबीएफसी) जमाराशि को फॉर्म "बी" के अंतर्गत सूचना देते समय बैंक ऋण के एक हिस्से के रूप में शामिल किया जाना चाहिए। सूचना देने के प्रयोजन से बैंकों को अपनी एफसीएनआर (बी) जमाराशियों, समुद्रपारीय विदेशी मुद्रा आस्तियों तथा भारत में विदेशी मुद्रा में बैंक ऋण को सूचना देने वाले शुक्रवार को दोपहर की फिदाई (FEDAI) माध्य-दर पर संपरिवर्तित करना चाहिए।

### 3.11 छूट प्राप्त श्रेणियां

अनुसूचित प्राथमिक सहकारी बैंकों को निम्नलिखित देयताओं पर सीआरआर बनाए रखने से छूट दी गई है।

(i) भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(1) के स्पष्टीकरण के खंड (घ) के अंतर्गत संगणित किए गए अनुसार बैंकिंग प्रणाली के प्रति देयताएं

(ii) एसीयू (अमरीकी डॉलर) खातों में बकाया क्रेडिट

**3.12 नकदी शेष बनाए रखना**

सीआरआर बनाए रखने के प्रयोजन के लिए प्रत्येक अनुसूचित बैंक के लिए जहां उसका प्रधान कार्यालय स्थित है उस केंद्र पर भारतीय रिज़र्व बैंक के जमा लेखा विभाग (डीएडी) में एक प्रधान खाता रखना आवाश्यक है।

**3.13 भारतीय रिज़र्व बैंक के पास रखे सीआरआर शेष पर कोई ब्याज देय नहीं**

भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 में किए गए संशोधन जिसके द्वारा धारा 42 की उप-धारा (1बी) को निरस्त कर दिया गया है, को ध्यान में रखते हुए भारतीय रिज़र्व बैंक अनुसूचित प्राथमिक सहकारी बैंकों को उनके द्वारा बनाए रखे गए सीआरआर शेष पर 31 मार्च 2007 से कोई ब्याज नहीं अदा करता है।

**3.14 सूचना देने की अपेक्षाएं**

(i) भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(2) के अनुसार प्रत्येक अनुसूचित बैंक के लिए फार्म बी(अनुबंध 2) में प्रत्येक एकांतर शुक्रवार को कारोबार की समाप्ति की स्थिति की एक विवरणी संबंधित तारीख के बाद सात दिनों के अंदर रिज़र्व बैंक को भेजना आवश्यक है।

विवरणी दो जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित और उसमें संबंधित जानकारी दी गई हो। बैंक के एक या अधिक कार्यालयों के लिए ऐसा एकांतर शुक्रवार यदि परक्राम्य लिखत अधिनिमय, 1881 के अंतर्गत सार्वजनिक छुट्टी हो तो विवरण में ऐसे कार्यालय या कार्यालयों के लिए पूर्ववर्ती दिन के आंकडे प्रस्तुत किए जाएं लेकिन तब भी उन आंकडों को उस शुक्रवार से संबंधित माना जाना चाहिए।

(ii) उक्त विवरणी के प्रयोजन के लिए जहां माह का अंतिम शुक्रवार एकांतर शुक्रवार नहीं है वहां बैंक को ऐसे शुक्रवार को कारोबार की समाप्ति की स्थिति की ऊपर बताए गए ब्योरे दर्शाते हुए फार्म बी में एक विशेष विवरणी भेजनी चाहिए अथवा जहां अंतिम शुक्रवार पराक्रम्य लिखत अधिनियम, 1881 के अंतर्गत सार्वजनिक छुट्टी हो वहां पूर्ववर्ती कार्यदिवस की समाप्ति की स्थिति के अनुसार ऐसी विवरणी संबंधित तारीख के बाद सात दिनों के अंदर प्रस्तुत की जानी चाहिए ।

(iii) भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियिम के विनियमन 7 और अनुसूचित बैंक विनियमावाली 1951 के अनुसार बैंकों के लिए 31 मार्च और 30 सितंबर को कारोबार की समाप्ति की स्थिति के अनुसार अपनी बचत बैंक जमाराशियों के अनुपात का परिकलन मांग और

मीयादी देयताओं में करना और उसे अनुबंध 2 में दिए निर्धारित फार्म में सूचित करना आवश्यक है।

(iv) जहां पाक्षिक विवरणी में सूचित की जा रही निधियों के कोटंतों और उसके उपयोग में भारी अंतर हो और यह अंतर 20% से अधिक हो तो संबंधित बैंक को ऐसे भारी अंतर का स्पष्टीकरण देना चाहिए।

(v) अनुसूचित बैंक विनियमावली के विनियम 5(1)(ग) के अनुसार बैंकों के लिए अधिनियम की धारा 42(2) के अंतर्गत निर्धारित बैंक विवरणियां बैंक की ओर से हस्ताक्षर करने के लिए प्राधिकृत बैंक अधिकारियों के नाम, पदनाम, और नमूना हस्ताक्षरों की एक सूची रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत करना आवश्यक है। इन अधिकारियों में से दो अधिकारी बैंक विवरणी हस्ताक्षर कर सकते हैं। पदधारिता मेंपरिवर्तन होने पर बैंक को भारतीय रिज़र्व बैंक को नए हस्ताक्षरों का सेट भेजना होगा।

**3.15 विवरणी प्रस्तुत न करने / विलंब से प्रस्तुत करने के लिए दंड**:

विवरणी प्रस्तुत न करने / विलंब से प्रस्तुत करने पर बैंक भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(4) के उपबंधों के अनुसार उसमें बताए गए दंड का भागी होगा।

**3.16 आरक्षित नकदी निधि अनुपात बनाए रखने में चूक होने पर दंडात्मक ब्याज**

(ए) सीआरआर बनाए रखने में चूक होने पर 24 जून 2006 से प्रारंभ होने वाले पखवाड़े से निम्नलिखित प्रकार दंडात्मक ब्याज लगाया जाएगा :

(i) दैनिक आधार पर अनिवार्य सीआरआर बनाए रखने, जो वर्तमान में कुल आरक्षित नकदी निधि अनुपात का 95 प्रतिशत है, में चूक होने पर उस दिन के लिए उतनी राशि पर बैंक दर से 3 प्रतिशत प्रतिवर्ष अधिक की दर पर दंडात्मक ब्याज वसूल किया जाएगा वास्तव में जितनी उस दिन बनायी रखी गई निर्धारित न्यूनतम राशि कम हो और यदि यह कमी अगले कई दिनों तक जारी रहे तो बैंक दर से 5% प्रतिवर्ष अधिक की दर पर दंडात्मक ब्याज वसूल किया जाएगा।

(ii) किसी पखवाड़े के दौरान औसत आधार पर सीआरआर बनाए रखने में चूक की स्थिति में दंडात्मक ब्याज भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42 की उप-धारा (3) के अनुसार वसूल किया जाएगा।

(बी) जब भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42 (3) के उपबंधों के अंतर्गत बैंक दर से 5 प्रतिशत अधिक का दंडात्मक ब्याज देय हो गया है -

(i) अनुसूचित बैंक के प्रत्येक निदेशक, प्रबंधक या सचिव जो जानबूझकर या इरादतन चूक का पक्ष है, पर अर्थदंड लगाया जाएगा जो पांच सौ रुपये तक हो सकता है और

उसके बाद प्रत्येक पखवाड़े जिसके दौरान चूक जारी रहती है, के लिए पांच सौ रुपये का अर्थदण्ड लगाया जाएगा।

(ii) रिज़र्व बैंक कथित पखवाड़े के बाद अनुसूचित बैंक को कोई नई जमाराशि स्वीकार करने से प्रतिबंधित कर सकता है और यदि बैंक ने इस खंड में उल्लिखित प्रतिबंध का अनुपालन करने में चूक की हो तो संबंधित बैंक का प्रत्येक निदेशक तथा अधिकारी जो अपनी जानकारी में अथवा जान-बूझकर इस प्रकार की चूक का पक्ष हो अथवा जो लापरवाही या अन्य किसी तरह ऐसी चूक में भागीदार हो तो वह ऐसी प्रत्येक चूक के संबंध में अर्थदंड का भागी होगा जो पाँच सौ रुपये तक हो सकता है और उस पर आगे पाँच सौ रुपये का अर्थदंड पहले अर्थदंड की तारीख जिस दिन अनुसूचित बैंक द्वारा ऐसे प्रतिबंध का उल्लंघन करते हुए कोई जमाराशि स्वीकार की गई हो, के बाद प्रत्येक दिन के लिए लगाया जा सकता है।

**4. ग़ैर-अनुसूचित प्राथमिक सहकारी बैंकों के लिए आरक्षित नकदी निधि अनुपात (सीआरआर)**

बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (सहकारी सोसायटियों पर यथालागू) की धारा 18(1) के अनुसार प्रत्येक शहरी सहकारी बैंक (जो अनुसूचित बैंक नहीं हैं) के लिए दैनिक आधार पर नकदी रिज़र्व इस प्रकार बनाए रखना आवश्यक है कि दूसरे पूर्ववर्ती पखवाड़े के अंतिम शुक्रवार को उसकी मांग और मीयादी देयताओं का प्रतिशत, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय–समय पर कार्यालयीन राजपत्र में निर्धारित प्रतिशत के बराबर हो और वह प्रत्येक माह के पंद्रहवें दिन के पहले रिज़र्व बैंक को एक विवरणी प्रस्तुत करेगा जिसमें वह ऐसे शुक्रवारों को भारत में माँग एवं मीयादी देयताओं के विवरण के साथ एक माह के दौरान एकांतर शुक्रवार को तथा यदि ऐसा कोई शुक्रवार परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 के अंतर्गत सार्वजनिक अवकाश हो तो उक्त विवरणी पूर्ववर्ती कार्य दिवस को कारोबार की समाप्ति पर इस प्रकार धारित राशि को दर्शाएगी। इस शेष को स्वयं नकदी संसाधनों द्वारा अथवा भारतीय रिज़र्व बैंक या संबंधित राज्य के राज्य सहकारी बैंक के किसी चालू खाते में शेष द्वारा अथवा संबंधित जिले के केंद्रीय सहकारी बैंक के चालू खातों में निवल शेष द्वारा अथवा उपर्युक्त में से एक या अधिक तरीकों द्वारा बनाए रखा जाए।"चालू खातों में शुद्ध अति शेष " से किसी सहकारी बैंक के संबंध में उस सहकारी बैंक द्वारा भारतीय स्टेट बैंक या समनुषंगी बैंक या तत्स्थानी नए बैंक या आईडीबीआई बैाक के पास रखे गए चालू खाते में नकदी अति शेषों के योग का वह आधिक्य, यदि कोई हो, अभिप्रेत है, जो उक्त बैंकों द्वारा ऐसे सहकारी बैंक के पास चालू खातों में धारित नकदी अतिशेषों के योग से अधिक हो।

दिनांक **5** जून **2014** की अधिसूचना सं शबैंवि/बीपीडी/(पीसीबी)/ अधि.सं.**1/16.26.000/2013-14** के अनुसार **12** जुलाई **2014** से आरंभ होनेवाले पखवाड़े से प्रत्येक प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंक चाहे अनुसूचित सहकारी बैंक

हो या गैर-अनुसूचित सहकारी बैंक**,** द्वारा बनाये रखे जाने वाले आरक्षित नकदी निधि अनुपात (सीआरआर) उनकी निवल मांग और मीयादी देयताओं का **4** प्रतिशत होगा।

**4.1 सीआरआर के लिए निवल मांग और मीयादी देयताओं का अभिकलन**

मांग और मीयादी देयताओं, बैंकिंग प्रणाली को देय देयताओं, बैंकिंग प्रणाली के पास आस्तियों और निवल मांग और मीयादी देयताओं के परिकलन की पद्धति अनुबंध 3 में विस्तार से बताई गई है।

**4.2 सूचना देने की आवश्यकता**

(i) गैर-अनुसूचित बैंकों के लिए अनुबंध 4 में दिए गए प्रारूप में फार्म I में संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को संबंधित माह की समाप्ति से 20 दिनों के अंदर एक विवरण प्रस्तुत करना अनिवार्य है जिसमें अन्य बातों के साथ - साथ बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (सहकारी समितियों पर यथालागू) की धारा 18 के अंतर्गत माह के दौरान प्रत्येक एकांतर शुक्रवार को कारोबार की समाप्ति पर बनाए रखे गए नकदी रिज़र्व और भारत में ऐसे शुक्रवार को या ऐसे किसी शुक्रवार को परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 के अंतर्गत यदि सार्वजनिक अवकाश हो तो पूर्ववर्ती कार्य दिवस की समाप्ति पर अपने डीटीएल के ब्योरे सूचित किए गए हों। गैर-अनुसूचित बैंकों के लिए फार्म I में विवरणी के साथ अनुबंध 5 में दिए गए प्रोफार्मा के अनुसार परिशिष्ट I में निम्नलिखित की स्थिति दर्शाना आवश्यक है :

(ए) उक्त अधिनियम की धारा 18 के अंतर्गत बनाए रखा जानेवाला नकदी रिज़र्व

(बी) वास्तव में बनाए रखा गया नकदी रिज़र्व, और

(सी) माह के प्रत्येक दिन कमी / आधिक्य की मात्रा

**4.3 दंड**

गैर-अनुसूचित बैंक अपेक्षित नकदी रिज़र्व बनाए रखना सुनिश्चित करें और परिशिष्ट I (अनुबंध V) के साथ निर्धारित विवरणी निर्धारित समय में संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को प्रस्तुत करें। समय पर विवरणियां प्रस्तुत न करने पर उक्त अधिनियम की धारा 46(4) के उपबंध लागू होंगे जिनके अनुसार बैंक उनमें बताए गए दंडों का भागी होगा। अत: बैंकों को चाहिए कि वे अपने हित में ऊपर बताई गई धारा 18 के निर्धारणों का सख्ती से पालन करें।

**4.4** आरक्षित नकदी निधि अनुपात बनाए रखने में चूक होने पर दंडात्मक ब्याज

बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (सहकारी समितियों पर यथा लागू) की धारा 18 की उप धारा 1(ए) के अनुसार, यदि किसी भी दिन कारोबार बंद करने के समय किसी सहकारी बैंक द्वारा धारित अतिशेष उप धारा (1) के अधीन विनिर्दिष्ट न्यूनतम से कम है तो ऐसा सहकारी बैंक, तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के उपबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना उस दिन के संबंध में उस रकम पर जिससे ऐसा अतिशेष विनिर्दिष्ट न्यूनतम से कम पड़ता है, बैंक दर से तीन प्रतिशत अधिक दर पर दंड़ात्मक ब्याज का, रिज़र्व बैंक को संदाय करने के लिए दायी होगा और यदि कमी आगे जारी रहती है तो इस प्रकार प्रभारित दंड़ात्मक ब्याज में प्रत्येक ऐसे पश्चातवर्ती दिन के संबंध में जिसके दौरान कमी जारी रहती है, बैंक दर से पांच प्रतिशत अधिक की दर से वृद्धि की जाएगी।

## 5. सांविधिक नकदी रिज़र्व

**(अनुसूचित तथा ग़ैर-अनुसूचित शहरी सहकारी बैंक)**

बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (सहकारी समितियों पर यथालागू) की धारा 24(2ए) के अनुसार प्रत्येक सहकारी बैंक धारा 18 (1) के अंतर्गत आरक्षित नकदी निधि बनाए रखने के साथ-साथ नकद आस्तियां बनाए रखना आवश्यक है जिसका मूल्य, भारत में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय–समय पर कार्यालयीन राजपत्र में निर्धारित प्रतिशत से कम न हो और दूसरे पूर्ववर्ती पखवाड़े के अंतिम शुक्रवार को उसकी मांग और मीयादी देयताओं के 40% से अधिक न हो।

### 5.1 एसएलआर का वर्तमान निर्धारण

बैंककारी विधि (संशोधन) अधिनियम, **2012** बनने के क्रम में भारतीय रिज़र्व बैंक को गैर अनुसूचित शहरी सहकारी बैंकों के लिए सांविधिक चलनिधि अनुपात (एसएलआर) के प्रतिशत के साथ-साथ सहकारी बैंकों द्वारा एसएलआर रखने की रीति निर्धारित करने के लिए शक्तियां प्रदान की गई हैं। इसके आधार पर यह निर्णय लिया गया है कि सभी प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों के लिए सांविधिक चलनिधि अनुपात (एसएलआर) को **12** जुलाई **2014** के आरंभ होने वाले पखवाड़े से उनकी निवल मांग और देयताओं (एनडीटीएल) के **25.00** प्रतिशत से **22.50** प्रतिशत कर दिया जाए। ऐसे प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंक जो तीन रूपों में अर्थात् नकद, स्वर्ण और अनुमोदित प्रतिभूतियों में एसएलआर नहीं रखते हैं, के लिए 5 जून 2014 की अधिसूचना सं. शबैंवि.बीपीडी(पीसीबी). अधि.सं.2/16.26.000/2013-14 (अनुबंध 10) में बताए गए अनुदेशों के पालन के लिए 31 मार्च 2015 तक समय दिया गया है। इस अंतरिम अवधि में प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंक दिनांक 22 अक्तूबर 2001 के परिपत्र सं.

शबैंवि.बीआर.परि.19/16.26.00/2001-02 तथा 26 नवंबर 2008 के परिपत्र शबैंवि.(पीसीबी).कैंका.बीपीडी.परि.28/16.26.00/2008-09 में बताए अनुसार एसएलआर बनाए रख सकते हैं। तथापि, 31 मार्च 2005 तक की अंतरिम अवधि में सार्वजनिक क्षेत्र में रखी गई मीयादी जमा राशि, एसएलआर में गिने जाने के लिए पात्र होंगी।

**5.2 एसएलआर का परिकलन**

इस प्रतिबद्धता अर्थात रखी गई/प्रयुक्त प्रतिभूतियों को सूचीबद्ध करने वाले बैंकों/भारतीय रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत किए जाने वाले दैनिक विवरण के अनुपालन की निगरानी साधारणतया विवरणी में फार्म 1 में दर्शाए गए अनुसार संबंधित एकांतर शुक्रवार को एसएलआर की स्थिति के संदर्भ में की जाती है।

बैंकों के लिए सीबीएलओ के माध्यम से लिए गए उधारों पर एसएलआर बनाए रखना आवश्यक है । तथापि, सीएसजीएल सुविधाओं के अंतर्गत सीसीआईएल के पास बैंक के गिल्ट खाते में रखी प्रतिभूतियों के किसी भी दिन के अंत में ऋणग्रस्त रहित रहने पर संबंधित बैंक द्वारा उसे एसएलआर के प्रयोजन के लिए हिसाब में लिया जा सकता है। इस प्रयोजन के लिए, सीसीआईएल बैंकों/भारतीय रिज़र्व बैंक को खाते में रखी /उपयोग की गई /ऋणग्रस्त रहित प्रतिभूतियों का एक विवरण देगी । एसएलआर के परिकलन की पद्धति अनुबंध 3 में विस्तार से बताई गई है।

**5.3 सांविधिक आरक्षित नकदी निधि बनाए रखने का तरीका**

नकदी आस्तियों को निम्नलिखित में बनाए रखा जा सकता है -

(i) नकदी में, या

(ii) स्वर्ण में जिसका मूल्य वर्तमान बाजार मूल्य से अधिक न हो, या

**(iii)** बैंककारी विनियमन अधिनियम**, 1949 (1949** का **10)** की धारा **56** के साथ पठित धारा 5(क) में परिभाषित अनुसार अनुमोदित प्रतिभूतियों में भार रहित निवेश

अधिक स्पष्टीकरण के लिए कृपया 5 जून 2014 का हमारा अधिसूचना सं देखें। (अनुबंध 10) देखें।

(03 मार्च 2006 के परिपत्र सं.आईडीएमडी.3426/11.01.01/(डी)225-06 के अनुसार सभी एनडीएस-ओएम सदस्यों को एनडीएस-ओएम प्लेटफार्म पर "जब जारी लेनदेन" करने की अनुमति दी गई थी।"जब जारी" बाजार से खरीदी गई प्रतिभूतियाँ केवल सुपुर्दगी होने पर एसएलआर प्रयोजन के लिए पात्र होंगी।)

**टिप्पणी:** संबंधित राज्य/ जिले के राज्य / जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंकों के पास भाररहित जमाराशियां।

(ए) जहां किसी जिले में एक से अधिक मध्यवर्ती सहकारी बैंक हैं, वहां संबंधित मध्यवर्ती सहकारी बैंक की उप-विधि के प्रावधानों के अनुसार जिले में प्रत्येक बैंक का परिचालन क्षेत्र भिन्न और अलग-अलग होता है। जिले के संबंधित मध्यवर्ती सहकारी बैंक के क्षेत्र में काम करने वाले प्राथमिक सहकारी बैंक सामान्यत: उस मध्यवर्ती सहकारी बैंक से संबद्ध रहते हैं। अत: जिले का संबंधित मध्यवर्ती सहकारी बैंक, जिसके क्षेत्र में प्राथमिक सहकारी बैंक का पंजीकृत कार्यालय स्थित है, बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 18 और 24 के प्रयाजन के लिए संबंधित जिले का मध्यवर्ती सहकारी बैंक होगा।

(बी) जहां कोई प्राथमिक सहकारी बैंक इस प्रकार के क्षेत्र से परे जहां जिले में दूसरा मध्यवर्ती सहकारी बैंक कार्यरत है, अपनी शाखाएं खोलकर कार्य करते है तो वह दूसरे मध्यवर्ती सहकारी बैंक के पास अपने अनुशेषों को नकदी रिज़र्व या तरल आस्तियां मान सकता है।

(कानूनी तौर से कहा जाए तो, नकदी आस्तियां बनाए रखने के लिए बैंक स्वर्ण में (स्वर्ण आभूषणों सहित) निवेश कर सकते हैं। तथापि, ऐसे निवेश, मूल्यवृद्धि को छोड़कर जो सट्टेबाज शक्तियों के अधीन होती हैं, अनुत्पादक होते हैं। इन बातों को ध्यान में रखते हुए और मूल्यन, सुरक्षित रूप से रखने आदि की परेशानियों को देखते हुए बैंकों को एसएलआर बनाए रखने के प्रयोजन के लिए स्वर्ण में निवेश नहीं करना चाहिए।)

सभी शहरी सहकारी बैंकों को केवल रिज़र्व बैंक या अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों, प्राथमिक डीलरों, राज्य सहकारी बैंकों और स्टॉक होल्डिंग कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लि. के एसजीएल खाते में या नैशनल सेक्युरिटीज़ डिपोजीटरीज़ लि.(एनएसडीएल), सेंट्रल डिपोजीटरी सर्विसेस लि., (सीडीएसएल) और नैशनल सेक्युरिटीज क्लियरिडग कार्पोरेशन लि.(एनएससीसीएल) के पास डिमेटेरियलाइज़्ड खातों में सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश बनाए रखना आवश्यक है ।

## 5.4 अनुमोदित प्रतिभूतियों के संबंध में स्पष्टीकरण / अपेक्षाएं

(i) बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (सहकारी सोसायटियों पर यथालागू) की धारा 5(क) के अनुसार "अनुमोदित प्रतिभूतियों का तात्पर्य केंद्र सरकार या कोई राज्य सरकार द्वारा जारी प्रतिभूतियों से है या ऐसी अन्य प्रतिभूतियां जो भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर निर्धारित की जाती हों।" भारत सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा जारी प्रतिभूतियों की एसएलआर स्थिति की जानकारी भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रतिभूतियों को जारी करते समय दी गयी प्रेस विज्ञप्ति में दर्शायी जाएगी तथा एसएलआर प्रतिभुतियों की अद्यतन सूची

रिज़र्व बैंक की वेबसाईट (www.rbi.org.in) के अंतर्गत "भारतीय अर्थव्यवस्था के आंकडे" लिंक पर पोस्ट की जाएगी। धारा 24 के प्रयोजन के लिए किसी प्रतिभूति के वर्गीकरण के बारे में संदेह होने पर बैंक रिज़र्व बैंक से स्पष्टीकरण प्राप्त करें।)

(ii) सावधि जमा में निवेश की गई अपनी रिज़र्व निधियों को या अनुमोदित प्रतिभूतियों में किए गए निवेश को बैंक एसएलआर आस्तियों के रूप में हिसाब में ले सकते हैं, बशर्ते वे भाररहित हों।

(iii) भार रहित अनुमोदित प्रतिभूतियों में अग्रिम के लिए या किसी अन्य ऋण व्यवस्था के लिए दूसरी संस्था में रखी गई प्रतिभूतियां उस हद तक शामिल हैं जिस हद तक उनकी जमानत पर कोई अग्रिम या ऋण न लिया गया हो।

**5.5 एसएलआर के लिए प्रतिभूतियों का वर्गीकरण और मूल्यन**

(i) एसएलआर के लिए प्रतिभूतियों का वर्गीकरण और मूल्यन समय-समय पर भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित किए गए अनुसार किया जाएगा। कृपया एसएलआर के लिए प्रतिभूतियों का वर्गीकरण और मूल्यन से संबंधित विस्तृत अनुदेश के लिए 01 जुलाई 2014 का मास्टर परिपत्र शबैंवि.बीपीडी (पीसीबी).एमसी.सं.12/16.20.000/ 2013-14 देखें।

(ii) आँकड़ों की सूचना देने के लिए प्रारूप अनुबंध 6 में दिया गया है। फॉर्म । में विवरणी भेजने के लिए उक्त प्रारूप में सूचना को अनुबंध के रूप में 2003 से इस विभाग के केवल संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को ही भेजें। संबंधित महीनों में मासिक विवरणी के अंतर्गत उत्तरवर्ती पखवाड़ों की सूचनाएं निहित होनी चाहिए।

**5.6 एसएलआर के लिए निवल मांग और मीयादी देयताओं का अभिकलन**

(i) बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 18(1) के स्पष्टीकरण के खंड (घ) के अंतर्गत अभिकलित "बैंकिंग प्रणाली" की निवल देयताओं को एसएलआर बनाए रखने से छूट दी गई है।

(ii) एसएलआर के प्रयोजन के लिए अंतर बैंक देयताओं के परिकलन के लिए अपनाई जानेवाली क्रियाविधि बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (सहकारी समितियों पर यथालागू) की धारा 18(1) के स्पष्टीकरण के खंड (घ) के मुताबिक होनी चाहिए। बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949(सहकारी समितियों पर यथा लागू) की धारा 24(2ए) के अंतर्गत एसएलआर और न्यूनतम एसएलआर के प्रयोजन के लिए निवल मांग और मीयादी देयताओं के परिकलन की पद्धति, सीआरआर के परिकलन के लिए अपनाई जानेवाली पद्धति के समान होनी चाहिए जिसका विवरण *अनुबंध 3* में दिया गया है।

(iii) बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (सहकारी समितियों पर यथालागू) की धारा 18 (1) के स्पष्टीकरण के खंड (घ) के अनुसार निवल आंतर बैंक देयताओं की राशि का परिकलन बैंकिंग प्रणाली के प्रति देयताओं में से बैंकिंग प्रणाली में आस्तियां को घटाने के बाद किया जाना चाहिए। यदि वह आंकड़ा धनात्मक (पाज़िटिव) है तो निवल मांग और मीयादी देयता का पता लगाने के लिए उसे "अन्यों के प्रति देयताएं" में जोड़ा जाना चाहिए। यह वह आंकड़ा ऋणात्मक (निगेटिव) आता हो तो निवल आंतर बैंक देयताओं को शून्य समझना चाहिए और "अन्यों के प्रति देयताएं" को निवल मांग और मीयादी देयताएं समझना चाहिए। विधि के अंतर्गत निर्धारित एसएलआर के अधीन देयताओं के परिकलन के प्रयोजन के लिए यदि निवल आंतरबैंक देयताएं सकारात्मक हो तो उसे कुल निवल मांग और मीयादी देयताओं से घटा देना चाहिए। तथापि, कुल-निवल मांग और मीयादी देयताओं के न्यूनतम एसएलआर के परिकलन के प्रयोजन के लिए निवल अंतर बैंक देयताओं को भी शामिल कर लेना चाहिए।

(iv) एसएलआर के लिए निवल मांग और मीयादी देयताओं का अभिकलन, बैंकिंग प्रणाली के प्रति देयताओं, बैंकिंग प्रणाली के पास आस्तियों तथा निवल मांग और मीयादी देयताओं आदि का विस्तृत विवरण अनुबंध 3 में दिया गया है।

(v) यदि किसी प्राथमिक सहकारी बैंक ने उस जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंक/राज्य सहकारी बैंक से ऋण लिया हो जिसमें उसने एसएलआर की गणना के प्रयोजन से अपनी जमाराशि रखी हो तो जैसे चूक के मामले में उधार देने वाला बैंक जमाराशि पर अपने धारणाधिकार (lien) का प्रयोग करता है और वह जमाराशि नकदी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उपलब्ध नहीं होती उसी प्रकार लिए गए ऋण की राशि बिना इस बात पर विचार किए जमाराशि में से घटा दी जानी चाहिए कि क्या उक्त जमाराशि पर धारणाधिकार निर्धारित किया गया है या नहीं।

## 5.7 सूचना देने की आवश्यकता

(i) सभी प्राथमिक सहकारी बैंकों (अनुसूचित और गैर-अनुसूचित) के लिए बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (सहकारी समितियों पर यथालागू) की धारा 24 के अंतर्गत माह के दौरान प्रत्येक एकांतर शुक्रवार को कारोबार की समाप्ति पर उक्त धारा के अंतर्गत बनाए रखी गई आस्तियों की स्थिति दर्शानेवाली एक विवरणी फॉर्म । (अनुबंध 4 में विस्तृत विवरण दिया गया है) प्रत्येक माह में प्रस्तुत करना आवश्यक है।

[**नोट**: गैर-अनुसूचित प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों के संबंध में नकदी रिज़र्व और सांविधिक एवं तरल आस्तियों दोनों की सूचना देने के लिए **फार्म 1 की विवरणी** ही प्रयोग में लाई जाएगी।]

(ii) सभी प्राथमिक सहकारी बैंकों (अनुसूचित और गैर-अनुसूचित) के लिए निम्नलिखित की स्थिति दर्शानेवाले फार्म । की विवरणी के साथ *अनुबंध 7* में दिए गए प्रारूप के अनुसार परिशिष्ट ॥ प्रस्तुत करना आवश्यक है:

(ए) आधिनियम की धारा 24 के अंतर्गत बनाए रखी जानेवाली सांविधिक तरल आस्तियां,

(बी) वास्तविक रूप में बनाए रखी गई तरल आस्तियां, और

(सी) माह के प्रत्येक दिन के लिए कमी/अधिशेष की मात्रा।

**5.8 दंडात्मक उपबंध**

(i) बैंककारी विनियमन अधिनियम 1949, की धारा 24(4)(a) के अनुसार यदि किसी भी एकांतर शुक्रवार को या ऐसा शुक्रवार यदि सार्वजनिक छुट्टी हो तो पूर्व कार्य दिवस को किसी बैंक द्वारा बनाए रखी गई राशि न्यूनतम निर्धारित राशि से या खंड 24(2A)(a) के अंतर्गत निर्धारित राशि से कम हो तो बैंक उस दिन की चूक के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक को उस दिन के लिए बैंक दर से न्यूनतम निर्धारित राशि से वास्तव में बनाए रखी गई राशि जितनी कम रही हो उस पर बैंक दर से 3 प्रतिशत अधिक दंडात्मक ब्याज अदा करने का भागी होगा।

(ii) इसके अलावा, धारा 24(4)(b) के अनुसार, यदि चूक अगले अनुवर्ती एकांतर शुक्रवार को भी हो जाती है या वह शुक्रवार यदि सार्वजनिक छुट्टी हो तो पूर्ववर्ती कार्य दिवस को हो जाती है और अनुवर्ती एकांतर शुक्रवारों या पूर्ववर्ती कार्य दिवस को, जैसा भी स्थिति हो, जारी रहती है तो उस एकांतर शुक्रवार के संबंध में और अनुवर्ती प्रत्येक एकांतर शुक्रवार या ऐसे शुक्रवार को यदि सार्वजनिक छुट्टी हो तो पूर्ववर्ती कार्यदिवस को यदि चूक जारी रहती है तो ऐसी प्रत्येक कमी के लिए दंडात्मक ब्याज को बढ़ाकर बैंक दर से ऊपर 5 प्रतिशत प्रतिवर्ष कर दिया जाएगा।

(iii) धारा 24 (4) के उपबंधो को प्रभावित किए बिना, या धारा 24 (2A) के खंड (a) के अंतर्गत बनाए रखे जानेवाली राशि को बनाए न रख पाने पर भारतीय रिज़र्व बैंक धारा 24(5)(a) के अंतर्गत ऐसी चूक के संबंध में संबंधित बैंक से धारा 24 (4)(a) में दिए गए अनुसार उस दिन के लिए दंडात्मक ब्याज लेगा और यदि चूक अगले अनुवर्ती कार्य दिवस को बनी रहती है तो दंडात्मक ब्याज को संबंधित दिन के लिए धारा 24 (4)(b) में बताए गए अनुसार बढ़ा दिया जाएगा।

(iv) धारा 24 (6) (a) के उपबंधों के अनुसार उप-धारा (4) तथा (5) के अंतर्गत देय अर्थदण्ड का भुगतान रिज़र्व बैंक द्वारा जारी नोटिस की तारीख़ से 30 दिन के भीतर बैंकों द्वारा किया जाए।

(v) बैंक अनिवार्य रूप से अपेक्षित एसएलआर बनाए रखना और परिशिष्ट II (अनुबंध 8 ) के साथ निर्धारित विवरणी निर्धारित समय में संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। समय पर विवरणी प्रस्तुत न करने पर उक्त अधिनियम की धारा 46(4) के उपबंधों लागू होंगें और बैंक उसमें बताए गए दंड लगाए जाने का भागी होगा।

(vi) जहां पता चले कि बैंक अनुदेशों और बार-बार सूचित किए जाने के बावजूद बार-बार चूक कर रहे हैं, भारतीय रिज़र्व बैंक को ऐसे चूककर्ता बैंकों पर दंड लगाने के अलावा, उक्त अधिनियम की धारा 22 के अंतर्गत लाइसेंसयुक्त बैंकों के मामले में लाइसेंस रद्द करने और गैर लाइसेंस बैंकों के मामले में लाइसेंस नकारने के लिए बाध्य हो सकता है। अत: बैंकों को अपने हित में निर्धारित दर पर सांविधिक चलनिधि अनुपात बनाए रखना और भारतीय रिज़र्व बैंक कार्यालयों को तत्परता से फॉर्म I, फॉर्म IX, फॉर्म "ख" में विवरणियां प्रस्तुत करना सुनिश्चित करना चाहिए।

### 5.9 अन्य दंडात्मक उपबंध

(i) निर्धारित दरों से सीआरआर और एसएलआर बनाए रखने के अलावा बैंकों के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को समय पर संबंधित सांविधिक विवरणियां प्रस्तुत करना आवश्यक है। इन सांविधिक आवश्यकताओं का उल्लंघन करने पर दंडात्मक ब्याज लगाने के अलावा बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 56 के साथ पठित धारा 56(4) के अंतर्गत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

(ii) जब भी कोई बैंक नकदी रिज़र्व/तरल आस्तियां बनाए रखने में विफल हो जाए तो उसे चाहिए कि वह विवरणी प्रेषित करने के अग्रेषण पत्र में इस प्रकार की चूक के कारणों का स्पष्टीकरण दे।

**अनुबंध - 1**

**मास्टर परिपत्र**

## आरक्षित नकदी निधि अनुपात (सीआरआर) और सांविधिक चलनिधि अनुपात (एसएलआर)

### सीआरआर के लिए मांग और मीयदी देयताओं का अभिकलन

[अनुसूचित प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों पर लागू]

[देखें पैरा 3.7(ii)]

1. **विभिन्न शब्दों की परिभाषा**

(बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 56 के साथ पठित धारा 18(1) का स्पष्टीकरण देखें)

(i) **"औसत दैनिक शेष"**

(क) इसका अर्थ किसी पखवाड़े के प्रत्येक दिन कारोबार की समाप्ति पर धारित शेषों का औसत है ।

(ii) **"पखवाड़ा"**

(क) इसका अर्थ शनिवार से दूसरे अनुवर्ती शुक्रवार तक, दोनों दिनों को मिलाकर, की अवधि है।

2. **बैंकिंग प्रणाली में निम्नलिखित शामिल हैं,**

(i) भारतीय स्टेट बैंक

(ii) भारतीय स्टेट बैंक के सहायक बैंक

(iii) राष्ट्रीयकृत बैंक

(iv) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक

(v) बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 5 के खंड (ग) में यथापरिभाषित बैंकिंग कंपनियां । इनमें -

- निजी क्षेत्र के बैंक
- विदेशी बैंक शामिल हैं

**नोट** : वे विदेशी बैंक जिनकी भारत में कोई शाखा नहीं है, `बैंकिंग प्रणाली' का हिस्सा नहीं हैं ।

(vi) बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 56 के खंड (सीसीआई) में यथापरिभषित सहकारी बैंक

**नोट** : सहकारी भूमिबंधक / विकास बैंक 'बैंकिंग प्रणाली' का हिस्सा नहीं हैं ।

(vii) इस संबंध में केंद्र सरकार द्वारा इसके लिए `अधिसूचित' अन्य कोई वित्तीय संस्था

(viii) "बैंकिंग प्रणाली" में निम्नलिखित शामिल नहीं हैं

* एक्ज़िम बैंक  * आईएफसीआई
* नाबार्ड  * आईआईबीआई
* सिडबी

**3. देयताओं में निम्नलिखित शामिल नहीं हैं** :

(i) चुकता पूंजी

(ii) रिज़र्व

(iii) लाभ-हानि लेखा में जमाशेष

(iv) राज्य सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक, आईडीबीआई, एक्ज़िम बैंक, नाबार्ड, सिडबी, एनएचबी, रिकंस्ट्रक्शन बैंक, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम, से लिये गए ऋण या संबंधित राज्य के राज्य सहकारी बैंक या संबंधित जिले के जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंक से लिया गया कोई अग्रिम और अनुमोदित प्रतिभूतियों की जमानत पर आहरित या लिया गया कोई अग्रिम या ऋण व्यवस्था ।

| XII. वास्तव में बनाए रखी गई आस्तियां | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| (क) भारत में बनाए रखे गए नकदी और अन्य शेष X-IX+VII | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| (ख) स्वर्ण ££ | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| (ग) अभारित अनुमोदित प्रतिभूतियां $$ | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| XII का जोड़ | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| **भाग घः** धारा 24 का अनुपालन (अनुसूचित/राज्य सहाकरी बैंकों पर लागू) | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| XII का जोड़ | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| XIII दूसरे परवर्ती पखवाड़े के अंतिम शुक्रवार को IV का 25 प्रतिशत (या उच्चतर निर्दिष्ट प्रतिशत) | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| XIV. वास्तव में बनाए रखी गई आस्तियां | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| (हाथ में नकदी) | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| (ख)भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम की धारा 42 के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक के पास शेष से अधिक बनाए रखा गया शेष [अर्थात्:VI(क)] | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| (ग) चालू खाते में निवल शेष (अर्थात्, VIII) | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| (घ) स्वर्ण ££ | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| (ङ)अभारित अनुमोदित आस्तियां $$ | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| XIV का जोड़ | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

**अनुबंध 9**

**मास्टर परिपत्र**

**आरक्षित नकदी निधि अनुपात (सीआरआर) और**
**सांविधिक चलनिधि अनुपात (एसएलआर)**

**प्राथमिक सहकारी बैंकों द्वारा बनाए रखी गई नकदी आरक्षित निधियों और तरल आस्तियों की दैनिक स्थिति दर्शाने वाले रजिस्टर की विविध मदों के अंतर्गत आंकडों के समेकन के लिए स्पष्टीकरण**

[पैरा 2.4 देखें]

1. "भारत में देयताएं" में निम्नलिखित शामिल नहीं होंगे -
   (i) चुकता पूंजी या आरक्षित निधि या सहकारी बैंक के लाभ-हानि लेखा में कोई जमा शेष;
   (ii) संबंधित राज्य के राज्य सहकारी बैंक से या संबंधित जिले के मध्यवर्ती सहकारी बैंक से प्राथमिक सहकारी बैंक द्वारा लिया गया कोई अग्रिम;
   (iii) राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम अधिनियम 1962 की धारा 3 के अंतर्गत राज्य सरकार, रिज़र्व बैंक, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, भारतीय आयात - निर्यात बैंक, राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक, या राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम स्थापना से लिया गया कोई अग्रिम;
   (iv) सहकारी बैंक द्वारा अनुमोदित प्रतिभूतियों की जमानत पर लिया गया अग्रिम या ली गई कोई ऋण व्यवस्था;
   (v) किसी भी सहकारी बैंक के मामले में जिसने उसके पास रखे गए शेष की जमानत पर कोई अग्रिम दिया है, ऐसे अग्रिम के संबंध मे बकाया राशि की मात्रा तक ऐसा शेष ।
2. "बैंकिंग प्रणाली" अभिव्यक्ति में निम्नलिखित बैंक और वित्तीय संस्थाएं शामिल हैं, नामत:
   (i) भारतीय स्टेट बैंक
   (ii) सहायक बैंक
   (iii) तत्सथानी नए बैंक या
   आईडीबीआई बैंक लिमिटेड
   (iv) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
   (v) बैंकिंग कंपनियां
   (vi) बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (सहकारी सोसायटियों पर यथालागू) की धारा 18 की उपधारा (1) के स्पष्टीकरण के खंड (घ) के अंतर्गत इस संबंध मे भारत सरकार द्वारा अधिसूचित अन्य वित्तीय कंपनियां यदि कोई हों।
3. मीयादी देयताओं में सावधि जमाराशियां, नकदी प्रमाणपत्र, संचयी और आवर्ती जमाराशियां, बचत बैंक जमाराशियो का मीयादी देयता अंश, स्टाफ सुरक्षा जमा, साख पत्र यदि मांग पर देय न हो तो, की जमानत पर धारित मार्जिन, और ऊपर मद 1 (v) के अधीन अग्रिमों के लिए जमानत के रूप में धारित सावधि जमाराशियां।

4. सावधि जमा राशि में (i) कर्मचारियों की भविष्य निर्वाह निधि जमाराशियां, (ii) स्टाफ सुरक्षा जमा, (iii) आवर्ती जमाराशियां, (iv) नकदी प्रमाणपत्र, (v) मांग जमाराशियां जिनके लिए 14 से अधिक दिनों की सूचना अवधि आवश्यक है, (vi) प्रोविडेंट डिपॉजिट्स, (vii) ठेकेदारों की बयाना रकम जमाराशियों आदि जैसी अन्य विविध जमाराशियां शामिल हैं।

5. मांग देयताओं में चालू जमाराशियां, बचत बैंक जमाराशियों की मांग देयताओं का अंश, साखपत्रों/गारंटियों की जमानतपर धारित मार्जिन, अतिदेय सावधि जमाराशियों का शेष, नकदी प्रमाणपत्र और संचयी/आवर्ती जमाराशियां, बकाया तार और डाक अंतरण, मांग ड्राफ्ट, अदावाकृत जमाराशियां, लिखत वसूली खाते में जमा शेष और मांग पर देय अग्रिमों के लिए जमानत के रूप में धारित जमाराशियां शामिल हैं।

6. चालू जमाराशियों में (i) मांग जमाराशिया जिनके लिए 14 या उससे कम दिनों की सूचना अवधि आवश्यक होती है, (ii) लिखत वसूली खाते में जमा शेष, (iii) परिपक्व सावधि जमाराशि जो निकाली न गई हो आदि।

7. किसी सहकारी बैंक के संबंध में "चालू खातों में निवल शेष" का अर्थ भारतीय स्टेट बैंक या किसी सहायक बैंक या तत्स्थानी नए बैंक या आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के चालू खाते में इस प्रकार के सहकारी बैंक में कथित बैंकों के कुल ऋण शेष से अधिक कुल ऋण शेष, यदि कोई हो, होगा।

8. देयताओं के अभिकलन के लिए, किसी सहकारी बैंक की भारतीय स्टेट बैंक, कोई सहायक बैंक, कोई तत्स्थानी नए बैंक या आईडीबीआई बैंक लिमिटेड, कोई क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, कोई बैंकिंग कंपनी या इस संबंध में केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित कोई वित्तीय संस्था को देय सकल देयताओं को कथित सभी बैंकों, वित्तीय संस्थाओं की सहकारी बैंक को देय सकल देयताओं में से घटा दिया जाएगा।

9. अन्य मांग और मीयादी देयताओं में जमाराशियों पर उपचित ब्याज, देय बिल, अदत्त लाभांश और अन्य बैंकों, या जनता को देय उचंत खाता शेषों की राशि शामिल है।

10. "बैंकिंग प्रणाली" के बाहर से (जैसे जीवन बीमा निगम, भारतीय युनिट ट्रस्ट आदि) से प्राप्त मांग और अल्प सूचना मुद्रा को मद सं. II के सामने दर्शाया जाए।

11. यदि कोई बैंक `अन्य मांग देयताओं' और `मीयादी देयताओं' में से `बैंकिंग प्रणाली' को देय देयताओं को अलग नहीं कर सकता है तो सकल `अन्य मांग देयताओं' और `मीयादी देयताओं' को मद `भारत में अन्य के प्राप्त देयताएं' के सामने दर्शाया जाए।

   (i) मांग देयताएं, और

   (ii) मीयादी देयताएं, जो भी स्थिति हो।

12. उन उधारों के अलावा जिन्हें बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 18 (I) के स्पष्टीकरण के खंड (क) (ii) और (iii) के अंतर्गत शामिल नही किया गया है, केवल मांग और मीयादी उधारों को इस मद के सामने दर्शाया जाए।

13. `अन्य मांग देयताएं' और `अन्य मीयादी देयताएं', जैसी भी स्थिति हो, में दस से अधिक वर्षो से अदावाकृत जमाराशियां, बाहरी देयताओं के रूप में प्रावधान (जैसे कि देय आयकर और

अन्य कर, देय लेखा परीक्षा शुल्क, देय स्थापना प्रभार आदि) देय ब्याज, देय अधिलाभ, देय बिल, देय लाभांश, शेयर सस्पेंस, अन्य सस्पेंस और फुटकर मदें (जो बाहरी देयताए हैं) आदि शामिल होंगे।

14. यदि किसी सहकारी बैंक ने संबंधित राज्य के राज्य सहकारी बैंक या संबंधित जिले के मध्यवर्ती सहकारी बैंक के पास बनाए रखे गए शेष की जमानत पर कोई अग्रिम लिया हो तो ऐसे शेष को उस सीमा तक जिस हद तक उसकी जमानत पर अग्रिम लिया गया है, भारत में बनाए रखा गया शेष नहीं माना जाएगा।

15. निम्नलिखित प्रयोजन के लिए राशि के अभिकलन को भारत में बनाए रखा गया शेष माना जाएगा, नामत :

(i) किसी भी सहकारी बैंक द्वारा भारत में खुद उसके पास या संबंधित राज्य के राज्य सहकारी बैंक के पास, या रिज़र्व बैंक के पास चालू खाते में या चालू खाते में निवल शेष के जरिए, और, किसी प्राथमिक सहकारी बैंक के मामले में संबंधित जिले के मध्यवर्ती सहकारी बैंक के पास धारा 18 के अंतर्गत बनाए रखे जानेवाली सकल नकदी या शेषों से अधिक बनाए रखी गई नकदी या शेष का राशि;

(ii) चालू खाते में कोई भी निवल शेष।

16. भारत में बैंकिंग प्रणाली के पास आस्तियों में निम्नलिखित शामिल हैं:

(i) "बैंकिंग प्रणाली" में चालू खाते में (क) सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पास (ख) अन्य बैंकों और निर्दिष्ट

वित्तीय संस्थाओं के पास शेष;

(ii) बैंकों और निर्दिष्ट वित्तीय संस्थाओं के पास सभी अन्य खातों में शेष;

(iii) पखवाड़े या उससे कम अवधि के लिए मांग और अल्प सूचना पर प्रतिदेय ऋणों या जमाराशियों के जरिए `बैंकिंग प्रणाली' में उपलब्ध की गई निधियां;

(iv) `मांग और अल्प सूचना मुद्रा' के अलावा `बैंकिंग प्रणाली' को उपलब्ध कराए गए ऋण; और

(v) बैंकिंग प्रणाली से देय कोई भी राशि जिसे उक्त किसी भी मद में वर्गीकृत नहीं किया जा सकता, उदाहरण के लिए आंतर बैंक विप्रेषण सुविधा योजना के मामले में, आज की तारीख तक बैंक द्वारा अन्य बैंकों के पास धारित कुल राशि (मार्गस्थ और अन्य खातों में) यहां दर्शायी जाएगी क्योंकि ऐसी राशियों को "शेष" या `मांग मुद्रा' या `अग्रिम' नही माना जा सकता।

(vi) इस संदर्भ में, यह स्पष्ट किया जाता है कि यदि किसी बैंक ने उधार व्यवस्था के लिए दूसरे बैंक के पास प्रतिभूतियां रखी हैं, तो ऐसी प्रतिभूतियों को या उसके भार रहित अंश को उधारकर्ता बैंक द्वारा `बैंकिंग प्रणाली' में `आस्तियां' के रूप में नहीं दर्शाया जाना चाहिए। उसी प्रकार जिस बैंक ने प्रतिभूतियां प्राप्त की हैं उसे उन प्रतिभूतियों को `बैंकिंग प्रणाली' को देय "अन्य देयताएं" के रूप में नहीं दर्शाना चाहिए।

(vii) चल धन के रूप में धारित मुद्रा और रूपया नोटों और सिक्कों को भारत में नकदी (अर्थात् हाथ मे नकदी) के रूप में दर्शाया जाना चाहिए । तथापि, किसी बैंक द्वारा धारित विदेशी मुद्रा को इसमें शामिल नहीं करना चाहिए।

17. नकदी में अन्य बैंकों के पास शेष या बैंक/मुद्रा नोटों, रूपया सिक्कों (एक रूपये के सिक्कों सहित) और रजिस्टर में प्रविष्टि करने की तारीख तक प्रचलित अनुषंगी सिक्कों के अलावा अन्य मदों को शामिल नहीं करना चाहिए।

18. भाररहित अनुमोदित प्रतिभूतियों का मूल्यन भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित मूल्यन प्रणाली (वर्तमान में उस कीमत पर मूल्यन किया जाता है जो वर्तमान बाजार मूल्य से अधिक नहीं है ) के आधार पर किया जाए।

19. किसी सहकारी बैंक की "भाररहित प्रतिभूतियां" में किसी अग्रिम या किसी अन्य ऋण व्यवस्था के लिए अन्य संस्थाओं के पास रखी उसकी अनुमोदित प्रतिभूतियां उस सीमा तक शामिल होंगी जिस सीमा तक उन प्रतिभूतियों की जमानत पर अग्रिम लिया गया हो।

20. स्वर्ण का मूल्यन उस कीमत पर किया जाना है जो वर्तमान बाजार मूल्य से अधिक न हो।

***********

अनुबंध 10

<u>अधिसूचना</u>

<u>5 जून 2014 की अधिसूचना सं - शबैंवि.बीपीडी.(पीसीबी).अधि.सं.2/16.26.000/2013-14</u>

बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 24 की उप धारा (2क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय रिज़र्व बैंक एतद्द्वारा यह निर्दिष्ट करता है कि प्रत्येक प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंक भारत में नीचे दिये गये विवरण के अनुसार अस्तियां रखना जारी रखेगा जिनका मूल्य भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर निर्दिष्ट की गयी मूल्यांकन विधि के अनुसार 12 जुलाई 2014 से प्रारंभ होने वाले दूसरे पूर्ववर्ती पखवाड़े के अंतिम शुक्रवार को किसी भी दिन कारोबार की समप्ति पर भारत में कुल निवल मांग और मीयादी देयताओं के 22.5 प्रतिशत से कम नहीं होगा।

(क) नकदी, अथवा
(ख) स्वर्ण जिसका मूल्य बाज़ार मूल्य से अधिक कीमत पर नहीं होगा, अथवा
(ग) बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 56 के साथ पठित धारा 5 (क) में परिभाषित अनुसार अनुमोदित प्रतिभूतियों में भार रहित निवेश

2. उपर्युक्त के अलावा किसी बात के होते हुए भी:

(i) बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 56 के साथ पिठत धारा 18 की उपधारा के अंतर्गत किसी प्राथमिक सहकारी बैंक द्वारा संबद्ध जिले के केंद्रीय सहकारी बैंक में या संबद्ध राज्य के राज्य सहकारी बैंक में रखे जाने के लिए अपेक्षित अति शेष, जो भार रहित शेष राशि हो; अथवा

(ii) किसी प्राथमिक सहकारी बैंक द्वारा भारतीय स्टेट बैंक या समनुषंगी बैंक या तत्स्थानी नया बैंक या आईडीबीआई बैंक लिमिटेड में रखी गई भार रहित मीयादी जमा राशि ;

उपर्युक्त मामलों में भी इस अधिसूचना में बताए गए प्रतिशत की गणना के प्रयोजनार्थ भार रहित मीयादी जमा रशि को 31 मार्च 2015 तक आस्यिों के रूप में माना जाएगा।

स्पष्टीकरणः

क. किसी प्राथमिक सहकारी बैंक के "भार रहित निवेश" में अग्रिम अथवा किसी ऋण व्यवस्था के लिए किसी अन्य संस्था के पास रखी गयी उपर्युक्त अनुमोदित प्रतिभूतियों में निवेश उस सीमा तक शामिल होगा जिस सीमा तक उन प्रतिभूतियों के बदले कोई आहरण न किया गया हो।

ख. "मीयादी जमा" का अर्थ बैंक द्वारा एक विशिष्ट अवधि के लिए स्वीकार की गई वह जमा राशि है जो उस निर्धारित अवधि की समाप्ति पर आहरणीय होगी। इसमें आवर्ती / संचयी / वार्षिकी / पुनर्निवेश जमाराशियां, नकदी प्रमाणपत्र और ऐसी ही जमाराशियां शामिल हैं।

ग. उपर्युक्त प्रयोजन के लिए रशि की गणना हेतु निम्नलिखित को भारत में रखी गयी नकदी के रूप में माना जाएगा:

(i) किसी प्राथमिक सहकारी बैंक, जो अनुसूचित हो, द्वारा भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) की धारा 42 के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक के पास रखे जाने के लिए अपेक्षित शेष से रखा गया अधिक शेष; तथा

(ii) बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 56 के साथ पिठत धारा 18 के अंतर्गत किसी प्राथमिक सहकारी बैंक, जो अनुसूचित न हो, द्वारा भारतीय रिज़र्व बैंक के पास रखे जाने के लिए अपेक्षित शेष से रखा गया अधिक शेष;

(iii) बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 56 के साथ पठित धारा 18 की उप धारा (1) में यथा परिभाषित 'चालू खातों में निवल शेष ' उक्त धारा के अंतर्गत रखे जाने वाले अपेक्षित शेष से रखा गया अधिक शेष।

**(एन.एस.विश्वनाथन)**
कार्यपालक निदेशक

**परिशिष्ट**

**मास्टर परिपत्र**

**आरक्षित नकदी निधि अनुपात (सीआरआर) और**

**सांविधिक चलनिधि अनुपात (एसएलआर)**

क. **मास्टर परिपत्र में समेकित परिपत्रों की सूची**

| क्र. | परिपत्र सं. | तारीख | विषय |
|---|---|---|---|
| 1. | शबैंवि.बीपीडी(एससीबी).परि सं.72/13.01.000/ 2013-14 | 11.06.2014 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(1) और बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (सहकारी समितियों पर यथा लागू) की धारा 18 और 24 – एफसीएनआर(बी) / एनआरआई जमाराशियां – सीआरआर/ एसएलआर बनाए रखने से छूट तथा प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों के लक्ष्यों की गणना के लिए एबीसी में शामिल न करना |
| 2. | शबैंवि.बीपीडी(एससीबी).परि सं.68/16.26.000/ 2013-14 | 05.06.2014 | बैंककारी विधि (संशोधन) अधिनियम 2012 – बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (सहकारी समितियों पर यथा लागू) की धारा 18 और 24 में संशोधन – गैर-अनुसूचित शहरी सहकारी बैंकों के लिए आरक्षित नकदी निधि अनुपात (सीआरआर) और शहरी सहकारी बैंकों के लिए सांविधिक चलनिधि अनुपात (एसएलआर) का अनुरक्षण |
| 3. | शबैंवि.बीपीडी(एससीबी).परि सं.2/12.03.000/ 2013-14 | 20.09.2013 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(1) के अंतर्गत न्यूनतम दैनिक आरक्षित नकदी निधि रखने की अपेक्षा में परिवर्तन |
| 4. | शबैंवि.बीपीडी(पीसीबी).परि सं.5/13.01.000/ 2013-14 | 27.08.2013 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(1) और बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (सहकारी समितियों पर यथा लागू) की धारा 18 और 24 – एफसीएनआर(बी)/एनआरई जमाराशियां – सीआरआर/एसएलआर बनाए रखने से छूट तथा प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को प्रदान किए गए ऋण को एबीसी में शामिल न करना |
| 5. | शबैंवि.बीपीडी(एससीबी).परि सं.1/12.03.000/ 2013-14 | 24.07.2013 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(1) के अंतर्गत न्यूनतम दैनिक आरक्षित नकदी निधि रखने की अपेक्षा में परिवर्तन |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6. | शबैंवि.बीपीडी(एससीबी).परि सं.3/12.03.000/ 2012-13 | 30.01.2013 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(1)-सीआरआर बनाए रखना |
| 7. | शबैंवि.(पीसीबी).परि. सं 2/12.03.000/ 2012-13 | 30.10.2012 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(1)-सीआरआर बनाए रखना |
| 8. | शबैंवि.(पीसीबी).परि सं.1/12.03.000/ 2012-13 | 17.09.2012 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(1)-सीआरआर बनाए रखना |
| 9. | शबैंवि.बीपीडी(एससीबी).परि सं.2/12.03.000/ 2011-12 | 09.03.2012 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(1)-सीआरआर बनाए रखना |
| 10. | शबैंवि.(पीसीबी).परि सं.2/12.03.000/ 2011-12 | 25.01.2012 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(1)-सीआरआर बनाए रखना |
| 11. | शबैंवि.(पीसीबी).सं.3/12.03.000/2009-10 | 21.04.2010 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(1)-सीआरआर बनाए रखना |
| 12. | शबैंवि.(पीसीबी).सं.2/12.03.000/2009-10 | 01.02.2010 | शहरी सहकारी बैंक- भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(1)-सीआरआर बनाए रखना |
| 13. | शबैंवि.(पीसीबी).सं.1/12.03.003/ 2009-10 | 09.11.2009 | छूट प्राप्त श्रेणियों के संबंध में -सीआरआर बनाए रखना |
| 14. | शबैंवि.बीपीडी.(पीसीबी).सं.41/12.05.001/2008-09 | 29.01.2009 | आईडीबीआई बैंक लि.,के पास शेष - सीआरआर / एसएलआर प्रयोजन हेतु निरुपण |
| 15. | शबैंवि.बीपीडी.(पीसीबी).सं.37/16.26.000/2008-09 | 21.01.2009 | सरकारी तथा अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में निवेश- धारा 24 क के अंतर्गत छूट |
| 16. | शबैंवि.बीपीडी.(पीसीबी).सं.9/12.03.000/2008-09 | 05.01.2009 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(1)-सीआरआर बनाए रखना |
| 17. | शबैंवि.बीपीडी.(पीसीबी).सं.28/16.26.000/2008-09 | 26.11.2008 | धारा 24 - सरकारी तथा अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में निवेश |
| 18. | शबैंवि.बीपीडी.(पीसीबी).सं. 8/12.03.000/2008-09 | 03.11.2008 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(1)-सीआरआर बनाए रखना |
| 19. | शबैंवि.बीपीडी.(पीसीबी).सं. 7/12.03.000/2008-09 | 16.10.2008 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(1)-सीआरआर बनाए रखना |
| 20. | शबैंवि.बीपीडी.(पीसीबी).सं. 5/12.03.000/2008-09 | 10.10.2008 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(1)-सीआरआर बनाए रखना |
| 21. | शबैंवि.बीपीडी.(पीसीबी).सं. 4/12.03.000/2008-09 | 07.10.2008 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(1)-सीआरआर बनाए रखना |
| 22. | शबैंवि.बीपीडी.(पीसीबी).सं.20/12.05.001/2008-09 | 30.9.2008 | डीसीसीबी/एससीबी में रखी गयी जमाराशि को एसएलआर अनुपात के रूप में माना जाना |
| 23. | शबैंवि.बीपीडी.(पीसीबी).सं. 1/12.03.000/2008-09 | 31.07.2008 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(1)-सीआरआर बनाए रखना |
| 24. | शबैंवि.बीपीडी.(पीसीबी).सं. 3/12.05.001/2008-09 | 11.07.2008 | आईडीबीआई बैंक लि.,के पास शेष – सीआरआर / एसएलआर प्रयोजन हेतु निरुपण |
| 25. | आरबीआई/2007-08/386 संदर्भ.शबैंवि (पीसीबी).सं.6/ 12.03.000/2007-08 | 26.6.2008 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(1)-सीआरआर बनाए रखना |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 26. | आरबीआई/2007-08/307संदर्भ.शबैंवि (पीसीबी).सं.5/12.03.000/2007-08 | 30.4.2008 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(1)-सीआरआर बनाए रखना |
| 27. | आरबीआई/2007-08/293संदर्भ.शबैंवि (पीसीबी) .सं.4/12.03.000/2007-08 | 22.4.2008 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(1)-सीआरआर बनाए रखना |
| 28. | आरबीआई/2007-08/177 शबैंवि(पीसीबी).सं.3/12.03.000/2007-08 | 1.11.2007 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(1)-सीआरआर बनाए रखना |
| 29. | आरबीआई/2007-08/142 शबैंवि(पीसीबी).सं.17/12.05.001/2007-08 | 20.9.2007 | डीसीसीबी/एससीबी में रखी जमाराशियों का एसएलआर के रूप में व्यवहार |
| 30. | आरबीआई/2007-08/110 शबैंवि(पीसीबी).सं.9/12.03.000/2007-08 | 31.7.2007 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(1)-सीआरआर बनाए रखना |
| 31. | शबैंवि(पीसीबी).परि.सं.7/12.03.000/2006-07 | 25.4.2007 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(1)-सीआरआर बनाए रखना |
| 32. | शबैंवि(पीसीबी).परि.सं.6/12.03.000/2006-07 | 25.4.2007 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(1)-सीआरआर बनाए रखना – छूट प्राप्त श्रेणियां |
| 33. | शबैंवि(पीसीबी).परि.सं.5/12.03.000/2006-07 | 05.4.2007 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(1)-सीआरआर बनाए रखना |
| 34. | शबैंवि(पीसीबी).परि.सं.4/12.03.000/2006-07 | 01.03.2007 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(1)-सीआरआर बनाए रखना – छूट प्राप्त श्रेणियां |
| 35. | शबैंवि(पीसीबी).परि.सं.3/12.03.000/2006-07 | 01.03.2007 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(1)-सीआरआर बनाए रखना |
| 36. | शबैंवि(पीसीबी).परि.सं.2/12.03.000/2006-07 | 14.02.2007 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(1)-सीआरआर बनाए रखना |
| 37. | शबैंवि(पीसीबी).परि.सं.22/16.26.000/2006-07 | 11.12.2006 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(1)-सीआरआर बनाए रखना |
| 38. | शबैंवि (पीसीबी)परि.सं.6/ 16.26.000/2006-07 | 16.08.2006 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(1)-सीआरआर बनाए रखना |
| 39. | शबैंवि (पीसीबी)परि.सं.59/ 16.26.000/2005-06 | 22.6.2006 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 (संशोधन)-सीआरआर बनाए रखना |
| 40. | शबैंवि (पीसीबी)परि.सं.60/ 16.26.000/2005-06 | 22.6.2006 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 (संशोधन)-सीआरआर बनाए रखना |
| 41. | शबैंवि (पीसीबी)परि.सं.31/ 16.26.000/2005-06 | 17.02.2006 | बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (सहकारी समितियों पर यथालागू)-शहरी सहकारी बैंकों द्वारा सरकारी तथा अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में निवेश-धारा 24क के अंतर्गत छूट |
| 42. | शबैंवि(पीसीबी).बीपीडी.परि.सं.41/ 16.20.000/2005-06 | 29.3.2006 | शहरी सहकारी बैंकों का निवेश संविभाग - निवेशों का वर्गीकरण तथा मूल्यन |
| 43. | शबैंवि(पीसीबी).परि.सं.41/ 16.20.00/2004-05 | 28.3.2005 | शहरी सहकारी बैंकों का निवेश संविभाग - निवेशों का वर्गीकरण तथा मूल्यन |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 44. | शबैंवि(पीसीबी).परि.सं.19/ 16.11.00/2004-05 | 13.09.2004 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(1)- अनुसूचित प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों द्वारा सीआरआर बनाए रखना |
| 45. | शबैंवि.आईपी(पीसीबी)परि.सं. 16.11.00/2002-03 | 29.4.2003 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(1) - अनुसूचित प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों द्वारा सीआरआर बनाए रखना |
| 46. | शबैंवि.बीआर.सं.7/16.11.00/ 2002-03 | 12.12.2002 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(1) - पात्र सीआरआर शेषों पर मासिक आधार पर ब्याज का भुगतान |
| 47. | शबैंवि.बीआर.परि.सं.12/16.11.00/ 2001-02 | 20.5.2002 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(1) - अनुसूचित प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों द्वारा सीआरआर बनाए रखना |
| 48. | शबैवि.बीआर.परि.सं.11/ 16.11.00/2001-02 | 29.4.2002 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(1) - अनुसूचित प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों द्वारा सीआरआर बनाए रखना |
| 49. | शबैवि.बीआर.(पीसीबी)परि.सं. 20./16.11.00/2001-02 | 22.10.2001 | बैंक दर में परिवर्तन |
| 50. | शबैंवि.सं.बीआर.परि.42/ 16.26.00/2000-01 | 19.4.2001 | बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (जैसा कि सहकारी समितियों पर लागू) की धारा 24 - शहरी सहकरी बैकों द्वारा सरकारी और अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में निवेश |
| 51. | शबैंवि.सं.सीओबीआर.6/16.26.00/ 1999-2000 | 27.4.2000 | अनुसूचित प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों द्वारा बनाए रखा जाने वाला नकदी शेष |
| 52. | शबैंवि.सं.बीआर.13ए/16.11. 00/1999-2000 | 29.10.1999 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की 42(1) |
| 53. | शबैवि.सं.बीएसडी.I.28/12.05. 01/ 1998-99 | 23.4.1999 | अंतर शाखा खातें - पुरानी बकाया जमा प्रविष्टियाँ |
| 54. | शबैवि.सं.बीआर.पीसीबी.परि.21/16. 26.00/1998-99 | 1.3.1999 | सीआरआर/एसएलआर बनाए रखने में कमी पर दंडात्मक ब्याज दर |
| 55. | शबैवि.(एसयूबी).बीआर.21/16.26. 00/1997-98 | 20.6.1998 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42 के अंतर्गत सीआरआर बनाए रखना और बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 ((जैसा कि सहकारी समितियों पर लागू) की धारा 24 के अंतर्गत एसएलआर बनाए रखना |
| 56. | शबैवि.सं.(परि).बीआर.60/ 16. 26.00/1997-98 | 25.5.1998 | बैंककारी विनियमन अधिनियम,1949 (सहकारी समितियों पर यथालागू) की धारा 18 और 24 - सीआरआर और एसएलआर बनाए रखना और फार्म 1 में विवरणी प्रस्तुत करना |
| 57. | शबैवि.सं.बीआर.पीसीबी.परि.52/ 16.26.00/1997-98 | 29.4.1998 | सीआरआर/एसएलआर बनाए रखने में कमी पर दंडात्मक ब्याज दर |
| 58. | शबैवि.सं.बीआर.पीसीबी.परि.51/16. 26.00/1997-98 | 11.4.1998 | सीआरआर/एसएलआर बनाए रखने में कमी पर दंडात्मक ब्याज दर |
| 59. | शबैवि.सं.16/24.00./1997-98 | 18.3.1998 | सीआरआर/एसएलआर बनाए रखने में कमी पर दंडात्मक ब्याज दर |
| 60. | शबैवि.सं.बीआर.पीसीबी.परि.36/ 16.11.00/1997-98 | 16.1.1998 | सीआरआर/एसएलआर बनाए रखने में कमी पर दंडात्मक ब्याज दर |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 61. | शबैवि.सं.बीआर.एसयूबी.18/16.11.00/97-98 | 2.12.1997 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(1क) - अनिवासी (बाह्य) रूपया खातों पर सीआरआर - (एनआरई) खाता योजना |
| 62. | शबैवि.सं.बीआर.16/16.04.00/1997-98 | 6.11.1997 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42 - सीआरआर बनाए रखना |
| 63. | शबैवि.सं.बीआर.पीसीबी.परि.17/16.11.00/1997-98 | 6.11.1997 | सीआरआर/एसएलआर बनाए रखने में कमी पर दंडात्मक ब्याज दर |
| 64. | शबैवि.सं.बीआर.एसयूबी.10/16.11.00/96-97 | 15.4.1997 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(1क) - अनिवासी (बाह्य) रूपया खातों पर सीआरआर - (एनआरई) खाता योजना |
| 65. | शबैवि.सं.बीआर.एसयूबी.12/16.11.00/96-97 | 15.4.997 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42 (1) - बैंकिंग प्रणाली के प्रति देयताओं पर सीआरआर में परिवर्तन |
| 66. | शबैवि.सं.बीआर.एडी.18/16.11.00/1996-97 | 15.4.1997 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(1क) - विदेशी मुद्रा अनिवासी खाते (बैंक) ढएफसीएनआर(बी)ज् योजना पर सीआरआर - अनिवासी (अप्रत्यावर्तनीय) रूपया जमा (एनआरएनआर) |
| 67. | शबैवि.सं.बीआर.पीसीबी.परि.53/16.11.00/96-97 | 15.4.1997 | सीआरआर/एसएलआर बनाए रखने में कमी पर दंडात्मक ब्याज दर |
| 68. | शबैवि.सं.बीआर.70/16.04.00/1995-96 | 29.6.1996 | रिज़र्व अपेक्षाओं के लिए समायोजन की अवधारणा - प्राइमरी डीलरों के साथ लेन-देन |
| 69. | शबैवि.सं.बीआर.एसयूबी.5/16.11.00/95-96 | 3.4.1996 | अनिवासी (बाह्य) रुपया जमा खाता (एनआरई खाते) के अंतर्गत जमाराशियों पर सीआरआर |
| 70. | शबैवि.सं.बीआर.एडी-5/16.11.00/1995-96 | 6.1.1996 | अनिवासी (अप्रत्यावर्तनीय) रुपया जमा (एनआरएनआर) योजना और विदेशी मुद्रा अनिवासी खाते(बैंक) एफसीएनआर(बी) योजना पर सीआरआर |
| 71. | शबैवि.सं.बीआर.परि.33./16.26.00/1995-96 | 3.1.1996 | बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (जैसा कि सहकारी समितियों पर लागू) धारा 24 (-) प्राथमिक सहकारी बैंकों द्वारा सरकारी ओठर अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में निवेश |
| 72. | शबैंवि.सं.बीआर.एडी-4/16.11.00/1995-96 | 6.12.1995 | विदेशी मुद्रा अनिवासी खाते (बैंक) एफसीएनआर(बी) योजना पर सीआरआर |
| 73. | शबैंवि.सं.बीआर/एडी/2/16.11.00/1995-96 | 11.11.1995 | विदेशी मुद्रा अनिवासी खाते (बैंक) योजना पर सीआरआर |
| 74. | शबैंवि.सं.बीआर.एडी/1/16.11.00/1995-96 | 2.11.1995 | अनिवासी (अप्रत्यावर्तनीय) रूपया जमा (एनआरएनआर) योजना पर सीआरआर |
| 75. | शबैवि.सं.बीआर.एसयूबी.2/16.11.00/1995-96 | 2.11.1995 | अनिवासी (बाह्य) रूपया खाता (एनआरई खाता) के अंतर्गत जमारशियों पर सीआरआर |
| 76. | शबैवि.सं.बीआर.(परि.)21/16.26.00/1995-96 | 12.10.1995 | सीआरआर के लिए प्रतिभूतियों का मूल्यन |
| 77. | शबैवि.सं.सीओ.(बीआर)एडी.3/16.05.00/1995-96 | 29.9.19995 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42 - सीआरआर - दैनिक आधार पर 85 प्रतिशत का न्यूनतम स्तर बनाए रखना |
| 78. | शबैवि.सं.परि.63/16.26.00/1994-95 | 16.6.1995 | बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (जैसा कि सहकारी समितियों पर लागू) की धारा 24 प्राथमिक सहकारी बैंकों द्वारा |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | सरकारी और अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में निवेश |
| 79. | शबैवि.सं.सीओ(बीआर).एसयूबी.5/16.26.00/1994-95 | 28.3.1995 | अनुसूचित प्राथमिक सहकारी बैंकों द्वारा बनाए रखा जानेवाला नकदी शेष |
| 80. | शबैवि.सं.बीआर.35/16.04.00/1994-95 | 31.12.1994 | रिज़र्व अपेक्षाओं के लिए समायोजन की अवधारणा - भारतीय प्रतिभूति व्यापार निगम लि. के साथ लेन-देन |
| 81. | शबैवि.बीआर.3/16.26.04/1994-95 | 13.12.1994 | अनुसूचित प्राथमिक सहकारी बैंकों द्वारा बनाए रखा जानेवाला नकदी शेष |
| 82. | शबैवि.बीआर.379/16.11.00/1994-95 | 13.12.1994 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42 (1) - रिज़र्व अपेक्षाएं बनाए रखने से छुट की जमा श्रेणी के लिए फार्म बी में विवरणी |
| 83. | शबैवि.सं.बीआर.2/16.26.00/1994-95 | 24.11.1994 | सरकारी स्टॉक 2002 की नीलामी जिसके लिए भुगतान किस्तों में किया गया |
| 84. | शबैवि.बीआर.44/16.26.00/1994-95 | 22.7.1994 | सीआरआर और एसएलआर बनाए रखना |
| 85. | शबैवि.परि.(पीसीबी)सं.53/16.26.00/1993-94 | 8.2.1994 | बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (जैसा कि सहकारी समितियों पर लागू) की धारा 18 और 24 के अंतर्गत क्रमश: सीआरआर और एसएलआर बनाए रखना - दैनिक स्थिति प्रस्तुत करना |
| 86. | शबैवि.सं.परि.(एसयूबी)158/16.26.00/1993-94 | 8.2.1994 | बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (जैसा कि सहकारी समितियों पर लागू) की धारा 24 के अंतर्गत तरल आस्तियाँ बनाए रखना - फार्म 1 में विवरणी के साथ दैनिक स्थिति प्रस्तुत करना |
| 87. | शबैवि.सं.155/16.26.00/1993-94 | 25.1.1994 | बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (जैसा कि सहकारी समितियों पर लागू) की धारा 18 और 24 - दंड |
| 88. | शबैवि.बीआर.48,49/16.11.00/1993-94 | 14.7.1993 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(1) - फार्म बी में विवरणी - रिज़र्व अपेक्षाएं बनाए रखने से छुट की श्रेणिवाली जमाराशियां |
| 89. | शबैवि.सं.बीआर.72/ए.12(24)/1992-93 | 12.5.1993 | बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (जैसा कि सहकारी समितियों पर लागू) की धारा 18 और 24 के साथ भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42 के अंतर्गत सीआरआर और एसएलआर बनाए रखना |
| 90. | शबैवि.सं.बीआर.86/ए.9/1992-93 | 9.10.1992 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42 - सीआरआर बनाए रखना |
| 91. | शबैवि.सं.आरबीएल.125/i/1991-92 | 3.6.1992 | अनुसूचित प्राथमिक सहकारी बैंक - भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42 के अंतर्गत विवरणी पर स्पष्टीकरण |
| 92. | शबैवि.सं.बीआर.773/ए.9/1991-92 | 5.5.1992 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42 - सीआरआर बनाए रखना |
| 93. | शबैवि.बीआर.349/ए.9/1991-92 | 8.11.1991 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42 - सीआरआर बनाए रखना |
| 94. | शबैवि.सं.बीआर.762/ए.9/1990-91 | 29.5.1991 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42 - सीआरआर |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | बनाए रखना |
| 95. | शबैवि.बीआर.581/ए.9/1990-91 | 4.3.1991 | भारतीय रिज़र्व बैंक अनुसूचित बैंक नियमावली 1951- राष्टीय आवास बैंक की गृह ऋण खाता योजना के अंतर्गत स्वीकृत जमाराशियों का फार्म बी में वर्गीकरण |
| 96. | शबैवि.बीआर.400/ए.9/1990-91 | 24.12.1990 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42 (1) के अंतर्गत न्यूनतम औसत शेष बनाए रखना |
| 97. | शबैवि.बीआर.194/ए.9/1991-92 | 28.8.1990 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42 (1) के अंतर्गत न्यूनतम औसत शेष बनाए रखना |
| 98. | शबैवि.बीआर.19/ए.6/1989-90 | 10.3.1990 | रिज़र्व अपेक्षाओं के लिए समायोजन की अवधारणा - डिस्काउंट अँड फाइनान्स हाऊस ऑफ एंडिया (डीएफएचआय) - के साथ लेनदेन |
| 99. | शबैवि.बीआर.50/ए.12(24)/1989-90 | 18.1.1990 | बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 24 - एसएलआर के लिए पात्र प्रतिभूतियाँ - किसान विकास पत्र और सरदार सरोवर नर्मदा निगम लि. के पास सावधि जमाराशियाँ |
| 100. | शबैवि.सं.आरबीएल.835/1.88-89 | 27.3.1989 | शहरी सहकारी बैंकों को अनुसझिचत दर्जा प्रदान करना - नकदी रिज़र्व और तरल आस्तियों का अभिकलन और विविध सांविधिक विवरणियाँ प्रस्तुत करना |
| 101. | शबैवि.आरबीएल.315/1-88-89 | 10.10.1988 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(2) के अंतर्गत अनुसूचित प्राथमिक सहकारी बैंकों द्वारा पाक्षिक विवरणियाँ प्रस्तुत करना |
| 102. | शबैवि.बीआर.229/ए.9/1988-89 | 9.9.1988 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की दूसरी अनुसूची में चूने गये प्राथमिक शहरी सहकारी बैंकों को शामिल करना |
| 103. | शबैवि.बीआर.163/ए.9/1988-89 | 19.8.1988 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम,1934 की दूसरी अनुसूची में आपके बैंक का नाम शामिल करना |
| 104. | शबैवि.सं.बीआर.35/ए.12/24/1986-87 | 18.10.1986 | बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (जैसा कि सहकारी समितियों पर लागू) - धारा 18 और 24 मांग और मीयादी देयताओं का अभिकलन |
| 105. | शबैवि.सं.बीआर.1455/ए.12(24)/1885-86 | 31.3.1986 | बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (जैसा कि सहकारी समितियों पर लागू) धारा 24 - भारतीय यूनिट ट्रस्ट द्वारा जारी यूनिटों में निवेश |
| 106. | शबैवि.बीआर. 871/ए.12(24)/1984-85 | 10.5.1985 | बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (जैसा कि सहकारी समितियों पर लागू) - की धारा 24 - राष्ट्रीय जमा योजना के अंतर्गत किया गया निवेश |
| 107. | शबैवि.बीआर.764ए/ए.6/1984-85 | 29.3.1985 | बैकिंग विधि (संशोधन) अधिनियम, 1983-84 - बकाया उपबंधों को लागू करना |
| 108. | शबैवि.सं.बीआर.498/ए.12(24)/1984-85 | 8.1.1985 | बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (जैसा कि सहकारी समितियों पर लागू) - की धारा 24 - प्राथमिक सहकारी बैंकों द्वारा सरकारी और अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों निवश्टा |
| 109. | शबैवि.बीआर.16/ए.6/1984-85 | 9.7.1884 | बैंकिंग विधि (संशोधन) अधिनियम 1983 |
| 110. | डीबीओडी.सं.यूबीडी.बीआर.180/ए.6/1982-83 | 21.9.1982 | बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (जैसा कि सहकारी समितियों पर लागू) में संशोधन |
| 111. | एसीडी.आयडी.(डीसी)1800/आर.36 | 10.1.1980 | 7 वर्षीय राष्ट्रीय ग्रामीण विकास बांडों के अभिदान / खरीद से |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | /1979-80 | | संबंधित निदेश |
| 112. | एसीडी.बीआर.277/बी.1/1974-75 | 30.9.1974 | बैंककारी विनियमन (सहकारी सोसायटियां) नियम, 1966 नियम 5 और 9 में संशोधन एवं उसके अंतर्गत निर्धारित विवरणियों केध फार्म I और VII में परिवर्तन |
| 113. | एसीडी.बीआरएल.612/सी./1971-72 | 24.1.1972 | बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (जैसा कि सहकारी समितियों पर लागू) की धारा 18 और 24 के अंतर्गत बनाए रखे गए नकदी रिज़र्व और तरल आस्तियों की दैनिक स्थिति दर्शानेवाला रजिस्टर - प्राथमिक सहकारी बैंक |
| 114. | एसीडी.बीआर.760/ए.1/1968-69 | 23.1.1969 | बैंकिंग विधि (संशोधन) अधिनियम 1968 |
| 115. | एसीडी.बीआर.750/बी.1/1967-68 | 24.11.1967 | बैंकिंग विधि (सहकारी सोसायटियों पर लागू) अधिनियम, 1965 |
| 116. | एसीडी.बीआर.474/ए.12(24)/1967-68 | 27.9.1967 | बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (जैसा कि सहकारी समितियों पर लागू) की धारा 24 - तरल आस्तियाँ बनाए रखना |
| 117. | एसीओडी.बीआर.392/बी.1/1965-66 | 1.3.1966 | बैंकिंग विधि (सहकारी सोसायटियों पर लागू) अधिनियम, 1965 |
| 118. | एसीडी.बीआर..333/ए.1/1965-66 | 9.2.1966 | बैंकिंग विधि (सहकारी सोसायटियों पर लागू) अधिनियम, 1965 |

ख. **उन परिपत्रों की सूची जिनसे आरक्षित नकदी निधि अनुपात (सीआरआर), सांविधिक चलनिधि अनुपात (एसएलआर) और अन्य संबंधित मामलों से संबंधित में अनुदेशों को इस मास्टर परिपत्र में शामिल किया गया है।**

| **क्र. सं.** | **परिपत्र सं.** | **तारीख** | **विषय** | **परिपत्र की पैरा सं.** | **मास्टर परिपत्र की पैरा सं.** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शबैवि.डीसी.एसयूसी.156ए/ 13.02.00/ 1993-94 | 31.1.1994 | विदेशी मुद्रा में पोतलदानपूर्व ऋण (पीसीएफसी) | ज्ञापन 8 | 2.1.5 |
| 2. | शबैवि.सं.डीसी.(एसयूसी)/ 153/13.02.00/1993-94 | 30.12.1993 | विदेशी निर्यात बिलों की पुनर्भुनाई | ज्ञापन 8 | 2.1.5 |
| 3. | शबैवि.(एसयूसी)/117/डीसीv. 1(बी)/1992-93 | 10.5.1993 | विदेशी मुद्रा अनिवासी खाते (बैंक ) योजना | 2(ix) | 2.1.5 |